**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

**<u>अधिसूचना</u>**

पटना—15, दिनांकः **22.10.2024**

**संख्या—1/पी0—1003/2024—सा0प्र0—17123**/श्री चैतन्य प्रसाद, भा0प्र0से0 (1990), विकास आयुक्त, बिहार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या—1/पी0—1003/2024—सा0प्र0—17124**/श्री प्रत्यय अमृत, भा0प्र0से0 (1991), अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार—अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग/अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक विकास आयुक्त, बिहार के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. श्री प्रत्यय अमृत अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना एवं अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में पूर्ववत् रहेंगे और अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

**संख्या—1/पी0—1003/2024—सा0प्र0—17125**/श्री मिहिर कुमार सिंह, भा0प्र0से0 (1993), अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना (अपर मुख्य सचिव —सह—खान आयुक्त/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड /प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड, खान एवं भू—तत्व विभाग, बिहार, पटना/मुख्य जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. साथ ही, श्री मिहिर कुमार सिंह मुख्य जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

**संख्या—1/पी0—1003/2024—सा0प्र0—17126**/श्री नर्मदेश्वर लाल, भा0प्र0से0 (1998), प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव—सह—खान आयुक्त, खान एवं भू—तत्व विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. श्री नर्मदेश्वर लाल अगले आदेश तक प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड, खान एवं भू—तत्व विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या–1/पी0–1003/2024–सा0प्र0–17127**/श्री दिवेश सेहरा, भा0प्र0से0 (2005), सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, महादलित विकास मिशन, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड, पटना /जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना) अगले आदेश तक सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

**संख्या–1/पी0–1003/2024–सा0प्र0–17128**/श्री धर्मेन्द्र सिंह, भा0प्र0से0 (2006), सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–सचिव, खान एवं भू–तत्व विभाग, बिहार, पटना/जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना) वर्तमान में धारित सचिव, खान एवं भू–तत्व विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

**संख्या–1/पी0–1003/2024–सा0प्र0–17129**/श्री बी. कार्तिकेय धनजी, भा0प्र0से0 (2008), सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार– जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना) अगले आदेश तक सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

22/10/24

**(मो0 सोहैल)**

**सरकार के सचिव।**

**ज्ञापांकः–1/पी0–1003/2024–सा0प्र0–17129/पटना–15, दिनांक : 22.10.2024**

**प्रतिलिपिः–** प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित(द्वारा–आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग) /सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली कैरियर मैनेजमेंट डिविजन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली /स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, कौटिल्य मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली/महालेखाकार(ले. एवं ह.), बिहार, पटना/राज्यपाल के प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना/मुख्य मंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/संबंधित विभाग/ संबंधित कार्यालय/संबंधित पदाधिकारी/ अवर सचिव (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग), वित्त विभाग, बिहार, पटना/भू–संपदा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना /मुख्य सचिव के आप्त सचिव, बिहार, पटना/ मुख्य सचिव, बिहार के गोपनीय कोषांग, कम्प्यूटर सेल/आई0टी0 मैनेजर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना(विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं वित्त विभाग को सी0डी0 के साथ उपलब्ध कराने हेतु) /सामान्य प्रशासन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01, 06 एवं 12 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/10/24

**सरकार के सचिव।**